# प्रीलिम्स फैक्ट्स : 22 जून, 2018

**राष्ट्रीय योग ओलंपियाड, 2018**
**(NATIONAL YOGA OLYMPIAD-2018)**

राष्ट्रीय शैक्षिक अनुसंधान और प्रशिक्षण परिषद द्वारा नई दिल्ली में 18 से 20 जून के बीच तीन दिवसीय राष्ट्रीय योग ओलंपियाड, 2018 का आयोजन किया गया। इस समारोह का उद्घाटन यूनेस्को में निदेशक तथा इसके दिल्ली में स्थित कार्यालय में भारत, बांग्लादेश, भूटान, नेपाल तथा मालदीव के लिये प्रतिनिधि एरिक फाल्ट द्वारा किया गया।

**उद्देश्य**

- योग ओलंपियाड का उद्देश्य बच्चों में योग के प्रति जागरूकता, टीम भावना तथा आत्मविश्वास पैदा करना है।

**नोडल निकाय**

- एनसीईआरटी लगातार तीसरे वर्ष राष्ट्रीय योग ओलंपियाड का आयोजन कर रही है। इसमें 26 राज्यों और चार क्षेत्रीय शिक्षा संस्थानों के 500 छात्र हिस्सा ले रहे हैं। पिछले वर्ष इसमें 25 राज्यों/केंद्रशासित प्रदेशों ने हिस्सा लिया था।

**प्रमुख बिंदु**

- पिछले कुछ समय से ओलंपियाड के माध्यम से वैज्ञानिक और समग्र जीवन शैली के प्रति जागरूकता में वृद्धि हुई है। इसका उद्देश्य लोगों में सकारात्मक दृष्टिकोण पैदा करना और समाज में शांतिप्रिय जीवन पद्धति को बढ़ावा देना है।
- योग की सीमा महिला-पुरुष, संस्कृति एवं भाषा से आगे है। अगर इसे सही तरीके से समझा जाए तो यह उम्र एवं सक्षमता से भी आगे पहुँचती है तथा सामाजिक रूप से कहा जाए तो यह सभी के लिये समान रूप से लाभकारी है।

**7-स्टार ग्राम पंचायत इन्द्रधनुष योजना**
**(7-Star Gram Panchayat Indrahanush Yojna)**

हरियाणा सरकार ने एक अनूठी पहल के तहत 7-स्टार ग्राम पंचायत इन्द्रधनुष योजना शुरू की है। इस योजना के अंतर्गत राज्य की पंचायतों को सात सामाजिक मानदंडों के आधार पर स्टार रैंकिंग प्रदान की जाती है।

- इस योजना के तहत राज्य के करीब 1,120 गाँवों को स्टार रैंकिंग प्रदान की गई है, स्टार रेटिंग प्राप्त इन गाँवों को 'स्टार विलेज' के रूप में पहचाना जाएगा।

**गाँवों के चयन का आधार**

- योजना के तहत लिंगानुपात, शिक्षा, अपराध मुक्त, स्वच्छता, पर्यावरण संरक्षण, सुशासन एवं सामाजिक भागीदारी के आधार पर ग्राम पंचायतों का आकलन किया जाएगा।

**योजना के मुख्य बिंदु**

- हरियाणा की कुल 6,204 ग्राम पंचायतों में से 1120 गाँवों (18 प्रतिशत ग्राम पंचायतों) को स्टार विलेज का दर्जा दिया गया है।
- 6-स्टार रेटिंग प्राप्त करने वाले तीन गाँव पलवल ज़िले के है, पाँच स्टार वाले तीन गाँव पलवल एवं रोहतक ज़िले के हैं जबकि 4 स्टार प्राप्त करने वाले 9 गाँव अंबाला, फरीदाबाद, गुरुग्राम, हिसार एवं पलवल ज़िले के हैं।
- 407 स्टार रैंकिंग वाले गाँवों के साथ अंबाला ज़िला प्रथम स्थान पर है, जबकि 199 स्टार रैंकिंग वाले गाँवों की रेटिंग के साथ गुरुग्राम नंबर दो तथा 75 स्टार रैंकिंग वाले गाँव रेटिंग के साथ करनाल ज़िला तीसरे स्थान पर है।
- लिंगानुपात में सुधार के बिंदु को तीसरे नंबर और बेहतर शिक्षा व्यवस्था को दूसरे नंबर पर रखा गया है, इसमें क्रमश: 109 एवं 567 गाँवों को स्टार रेटिंग प्रदान की गई।

**इंडयिा स्मार्ट सटिी अवार्ड 2018: सूरत को 'सटिी अवार्ड'**
**(India Smart City Award 2018: Surat gets 'City Award')**

हाल ही में 'इंडयिा स्मार्ट सटिी अवार्ड' 2018 के तहत तीन वर्गों अर्थात् सटिी अवार्ड, नवोन्मेषी वचिार पुरस्कार एवं परयिोजना पुरस्कार की श्रेणी में 9 पुरस्कारों की घोषणा की गई है। इसके तहत परयिोजनाओं के कार्यान्वयन में तेज़ी प्रदर्शति करने के परणिामस्वरूप सूरत को 'सटिी अवार्ड' के लयि में चुना गया है।

- 25 जून, 2017 को शहरों, परयिोजनाओं एवं नवोन्मेषी वचिारों को पुरस्कृत करने तथा नगरों में टकिाऊ वकिास को बढ़ावा देने के उद्देश्य से इंडयिा स्मार्ट सटिी अवार्ड को शुरू कयिा गया।

1) सटिी अवार्ड

- परयिोजनाओं के क्रयिान्वयन में वशिेष रूप से शहरी पर्यावरण, परविहन एवं गत्यात्मकता तथा टकिाऊ समेकति वकिास के वर्गों में परयिोजनाओं के कार्यान्वयन में तेज़ी प्रदर्शति करने के लयि सूरत को सटिी अवार्ड के लयि चुना गया।

2) नवोन्मेषी वचिार पुरस्कार

- नवोन्मेषी वचिार पुरस्कार कसिी परयिोजना/वचिार, वशिेष रूप से टकिाऊ समेकति वकिास की दशिा में उनके नवोन्मेषी, बॉटम-अप एवं रूपांतरकारी दृष्टकिोण के लयि प्रदान कयिा जाता है।
- इस वर्ग में संयुक्त वजिेता के रूप में भोपाल को समेकति कमान एवं नयिंत्रण केंद्र (आईसीसीसी) के लयि तथा अहमदाबाद को सुरक्षति एवं भरोसेमंद अहमदाबाद (एसएएसए) परयिोजना के लयि प्रदान कयिा गया।

3) परयिोजना पुरस्कार

- सात वर्गों में सर्वाधकि नवोन्मेषी एवं सफल परयिोजनाओं को इस पुरस्कार से सम्मानति कयिा गया। इन सात वर्गों में अभशिासन, पर्यावरण, सामाजकि पहलू, संस्कृति एवं अर्थव्यवस्था, शहरी पर्यावरण, परविहन एवं गत्यात्मकता व जल एवं स्वच्छता शामलि हैं।

**उरुग्वे के बाद कनाडा में भी वैध हुआ मारजिुआना**
**(Marijuana also validated in Canada after Uruguay)**

दसिंबर 2013 में उरुग्वे ने मारजिुआना के उत्पादन, बक्रिी और खपत को वैध कयिा था। इसके बाद अब कनाडा में भी मारजिुआना को वैध बनाने संबंधी वधियेक को पारति कयिा गया है। 17 अक्तूबर, 2018 से कनाडा में मारजिुआना का इस्तेमाल वैध होगा। इस नर्णिय के पीछे सरकार का मकसद संगठति अपराधों में कमी लाते हुए देश के युवाओं को सुरक्षति करना है।

- इस नयिमों के तहत कनाडा में वयस्कों को 30 ग्राम तक मारजिुआना खरीदने की अनुमति होगी।
- कुछ समय पहले प्रधानमंत्री जस्टनि ट्रूडो द्वारा एक अभयिान शुरू कयिा गया था जसिके तहत कम उम्र के बच्चों को मारजिुआना से दूर रखने और अपराध को कम करने का लक्ष्य तय कयिा गया था। इस अभयिान के अगले कदम के रूप में वधियेक सी-45 (इसे कैनाबसि एक्ट के नाम से भी जाना जाता है) को प्रस्तुत कयिा गया।
- कैनाबसि एक्ट के तहत देश के सभी प्रांतों को मारजिुआना के व्यापार को नयिमति बनाकर लाइसेंस देने संबंधी अपनी व्यवस्था कायम करने की अनुमति होगी।

भारत में भी शशि थिरूर द्वारा मारजिुआना को कानूनी रूप से वैध बनाने संबंधी सुझाव पेश कयिा गया है। इससे पहले योग शक्षिक रामदेव भी इस तरह की मांग कर चुके हैं।

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/prelims-fact-22-06-2018